संख्या: 1209/68–5–2021

प्रेषक,

आर०वी० सिंह
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
स्कूल शिक्षा,
उ०प्र० लखनऊ।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–5

लखनऊ: दिनांक: 18 अगस्त, 2021

विषय: प्रदेश में संचालित कक्षा–1 से 8 तक के समस्त विद्यालयों में पठन–पाठन भौतिक रूप से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय पत्रांक: महा०नि०स्कू०शि०/2495/2021–22 दिनांक 17.08.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिषदीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं अन्य बोर्ड के संचालित विद्यालयों में कक्षा–1 से 8 तक के समस्त विद्यालयों में पठन–पाठन भौतिक रूप से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध मे आवश्यक निर्देश निर्गत किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त परिषदीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं अन्य बोर्ड के संचालित विद्यालयों में **कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों हेतु शिक्षण कार्य दिनांक 23.08.2021 से एवं कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों हेतु शिक्षण कार्य दिनांक 01.09.2021 से** भौतिक रूप से प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कृपया तदनुसार कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अग्रतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर०वी० सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या: 1209(1)/68–5–2021 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त जिलाधिकारी, उ०प्र०।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), निशातगंज, उत्तर प्रदेश।
3. सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद–उत्तर प्रदेश।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सत्य प्रकाश)
अनु सचिव।

Ashok Singh-Letter-1505